>

Title: Need to implement Central Government's schemes to recharge the underground water in Kota Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा अंतर्गत बूंदी एवं कोटा दो जिले हैं जिनका भू जल स्तर काफी तेजी के साथ नीचे जा रहा है और इन दोनों जिलों को डार्क जोन के अंतर्गत रखा हुआ है। कोटा एवं बूंदी जिले में गिरते जल स्तर से कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है एवं यहाँ की उपजाऊ भूमि बंजर होने लगी है। यह दोनों जिले राजस्थान के हरे भरे जिले हैं और राजस्थान का अधिकांश खाद्यान्न का उत्पादन इन्हीं जिलों से होता है। खाद्यान्न का उत्पादन अधिक होने से कोटा की अनाज मंडिया काफी मशहूर है। यहाँ पर कई नदियाँ हैं परंतु उनमें धीरे-धीरे पानी कम होता जा रहा है। इन सबके कारण कोटा एवं बूंदी जिलों में आने वाले समय में भू-जल स्तर में गिरावट होने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है और इसके संकेत दिखने लगे हैं।

सरकार से अनुरोध है कि कोटा एवं बूंदी जिलों में भू जल स्तर को ऊपर लाने के लिए केन्द्र सरकार की योजनायें इन दोनों जिलों में लागू की जाये जिससे इन दोनों जिलों की भूमि को बंजर होने से बचाया जा सके।